## नशा तस्कर को 20 साल की सजा

**श्रीगंगानगर, (कासं)।** एनडीपीएस मामलों की विशेष अदालत ने नशे के तौर पर इस्तेमाल होने वाली टेबलेट के साथ पकड़े गए दोषी को 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई।

न्यायाधीश अजय कुमार भोजक की अदालत ने दोषी तेजप्रकाश पुत्र खिराज निवासी 16 बीएनडब्ल्यू, स्यागांवाली पर एक लाख रूपए का जुर्माना भी लगाया है। अर्थदंड अदा नहीं करने पर आरोपी को दो वर्ष का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। एपीपी विजेन्द्र कुमार घिंटाला ने बताया कि इस मामले में एक अन्य आरोपी सुनील कुमार को बरी किया गया है। दोषी को 21 जून 2021 को गिरफ्तार किया गया था। उसके पास ट्रामाडोल की 1480 टेबलेट बरामद हुई थी।

पुलिस की ओर से प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने तेजप्रकाश को दोषी मानते हुए 20 साल की सजा सुनाई। एपीपी विजेंद्र कुमार घिंटाला ने बताया कि दोषी तेजप्रकाश को जवाहर नगर थाना पुलिस ने 12 मासी पुल के पास 21 जून 2021 को गिरफ्तार किया था। कार्यवाहक थानाधिकारी शिम्भुदयाल टीम के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान पुल के पास दो बाइक पर तीन लड़के नजर आए। पुलिस को देखते ही एक बाइक पर बैठे दो लड़के मौके से फरार हो गए। दूसरी बाइक पर बैठे युवक तेजप्रकाश को पकड़कर पूछताछ की गई तो उसने बाइक की टंकी पर रखा काले रंग का बैग छिपाने की कोशिश की। बैग की तलाशी लेने पर ट्रामाडोल 100 एमजी की टेबलेट के 148 पत्ते बरामद हुए। टाइओ 100 एमजी एसआर टेबलेट का बिल नहीं मिला। इसके बाद दोषी तेजप्रकाश के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया। पूछताछ के दौरान दोषी तेजप्रकाश ने टेबलेट सुनील कुमार व एक अन्य व्यक्ति से खरीद की बात कही। दोषी ने टेबलेट को ग्रामीण इलाके में बेचकर रुपए कमाने की बात भी कही।

# 'सैनिक स्कूल बनने से बालिकाओं में भी देश सेवा का जज्बा पैदा होगा'

- प्रभारी सचिव ने निर्माण कार्य अविलम्ब तथा पूर्ण गुणवत्ता से पूरा करने के निर्देश दिए

**बीकानेर, (कासं)।** शिक्षा सचिव तथा जिला प्रभारी सचिव कृष्ण कुणाल ने शनिवार को जयमलसर में देश के पहले राजकीय बालिका सैनिक कन्या विद्यालय पूज्या रामी देवी रामनारायण राठी बालिका सैनिक विद्यालय का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश की बच्चियों के लिए भी यह बेहद लाभदायक साबित होगा। प्रभारी सचिव ने समूचे विद्यालय परिसर का अवलोकन किया। उन्होंने यहां सौ बच्चियों की क्षमता के छात्रावास का निर्माण शीघ्र करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि पूरे भवन में आवश्यक मरम्मत कार्य अति शीघ्र पूर्ण किए जाएं। उन्होंने यहां प्रिंसिपल और वार्डन के आवास बनाने के निर्देश दिए तथा कहा कि अलग-अलग खेलों के लिए पांच मैदान निर्माण तथा एथलेटिक्स कोर्ट का कार्य भी प्राथमिकता से पूर्ण किया जाए, जिससे जल्दी इस विद्यालय की शुरूआत की जा सके।

प्रभारी सचिव ने कहा कि बालिका सैनिक स्कूल बनने से प्रदेश की बालिकाओं में भी देश की सेवा करने का जज्बा पैदा होगा। उन्होंने यहां होने वाली गतिविधियों की जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। प्रगतिरत कार्यों का अवलोकन किया तथा कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए।

प्रभारी सचिव ने कहा कि बालिका सैनिक विद्यालय में सभी सुविधाएं राष्ट्रीय मानकों के आधार पर उपलब्ध करवाई जायेगी, जिससे बच्चियों को बेहतर वातावरण मिले। इसके लिए उच्च स्तर पर नियमित समीक्षा की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह सरकार की प्राथमिकताओं में है तथा इनमें किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जायेगी।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार द्वारा संभाग स्तर पर सैनिक विद्यालय प्रारम्भ करने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत बीकानेर में भामाशाह परिवार की ओर से यह पहल की गई है। भामाशाह पूनमचंद राठी द्वारा 108 करोड़ रूपए राशि की भूमि और भवन शिक्षा विभाग को समर्पित करने के फलस्वरूप बीकानेर को यह विद्यालय मिला है।

इस दौरान जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहनलाल मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेन्द्र शर्मा जिला शिक्षा अधिकारी कृष्णदान चारण शिक्षा निदेशालय के संयुक्त निदेशक रमेश हर्ष, एडीपीसी कृष्ण कुमार सहित अन्य अधिकारी तथा भामाशाह परिवार के प्रतिनिधि मौजूद थे।

एक उम्मीद संस्था द्वारा स्वस्थ गंगानगर-हरा भरा गंगानगर अभियान के तहत महिला कांग्रेस अध्यक्ष कमला बिश्नोई के सहयोग से माता अमृता देवी दिवस पर निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। भूप कॉलोनी में लगाये गए इस शिविर में हेल्थफिट टीम की अग्रणी भूमिका रही।

शिविर में सैकड़ों लोगों की निशुल्क शुगर जांच की गई तथा फैटी लिवर, मांसपेशियों की जाँच, दिल की जाँच, प्रोटीन, हड्डियों और महिलाओं से जुड़ी पीसीओडी की जांच सहित 14 विभिन्न जांचें भी निशुल्क की गई। इस मौके पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए क्षेत्रवासियों को विभिन्न किस्मों के छायादार व फलदार वृक्ष वितरित किए गए।

## बुजुर्ग का जटिल घुटना प्रत्यारोपण सफल

**बीकानेर,** एसडीएम राजकीय जिला चिकित्सालय ने चिकित्सा क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अस्थि रोग विभाग ने पहली बार ग्रोइन फ्लैप सर्जरी कर दुर्घटना में घायल एक मरीज के हाथ को नया जीवन दिया, वहीं दूसरी ओर एक बुजुर्ग मरीज का जटिल घुटना प्रत्यारोपण भी सफलतापूर्वक किया गया। दोनों ऑपरेशन मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत निशुल्क किए गए।

पूगल निवासी एक मरीज दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। हाथ की त्वचा और ऊतक बुरी तरह नष्ट हो चुके थे और हाथ काटने की नौबत आ गई थी। कई चिकित्सकों ने जयपुर रेफर कर दिया, लेकिन बीकानेर जिला अस्पताल की टीम ने जटिल ग्रोइन फ्लैप सर्जरी करने का निणन्य लिया। डॉ. लोकेश सोनी के नेतृत्व में टीम ने मरीज के पेट की त्वचा को फ्लैप के रूप में प्रयोग करते हुए हाथ को 21 दिन तक पेट से जोड़े रखा। समय पूरा होने पर हाथ को अलग कर दिया गया।

## सार-समाचार

### साहित्यकार भारद्वाज का अभिनंदन

**बीकानेर, (कासं)।** साझी विरासत के तत्वावधान में देश के ख्यातनाम पत्रकार-साहित्यकार मुकेश भारद्वाज का नागरिक अभिनंदन नरेन्द्र भवन में किया गया। अभिनंदन समारोह में उन्हें 'अक्षर मित्र सम्मान' अर्पित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार, कवि-कथाकार राजेन्द्र जोशी ने कहा कि मुकेश भारद्वाज के विचार हमेशा सामाजिक और राजनैतिक मुद्दों पर केंद्रित रहते हैं। जोशी ने कहा उनके विचार केवल राजनैतिक ही नहीं होत बल्कि सामाजिक और नैतिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि भारद्वाज सत्ता और समाज के शीर्ष लोगों से आव्हान करते हैं कि उन्हें सभी वर्गों के प्रति निष्पक्ष और संवेदनशील होना चाहिए। इस अवसर पर मुकेश भारद्वाज ने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष मीडिया की भूमिका लोकतंत्र में बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने मीडिया को सच्चाई और निष्पक्षता के साथ समाज के सामने प्रस्तुत करने की आवश्यकता पर बल दिया। भारद्वाज ने मीडिया की भूमिका और उसकी जिम्मेदारियों, समाज में सच्चाई और निष्पक्षता पर विस्तार से प्रकाश डाला। व्यंग्यकार-संपादक डॉ.अजय जोशी ने मुकेश भारद्वाज के विचारों और उनके सामाजिक और राजनीतिक दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करने वाला बताया। व्यंग्यकार बुलाकी शर्मा ने उनके साहित्यिक अवदान और खोजी पत्रकारिता की बात रखी। साहित्यकार राजाराम स्वर्णकार ने अभिनंदन पत्र का वाचन किया। कार्यक्रम में युवा पत्रकार रोहित शर्मा का भी अभिनंदन किया गया। डॉ.गौरीशंकर प्रजापत ने स्वागत उद्बोधन और सखा संगम के अध्यक्ष एन. डी. रंगा ने आभार प्रकट किया। इस अवसर पर अतिथियों ने भारद्वाज एवं रोहित को शॉल, श्रीफल, अभिनन्दन पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया।

### तेली प्रतिभा सम्मान समारोह 28 को

**बीकानेर, (कासं)।** नागौरी तेलियान समाज बीकानेर के इस साल दसवीं एवं बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण होनहार छात्र-छात्राओं का प्रतिभा सम्मान समारोह आगामी 28 सितम्बर रविवार सुबह 11 बजे हसनैन चैरिटेबल ट्रस्ट में आयोजित किया जायेगा। समिति के मीडिया प्रभारी एडवोकेट मकबूल खान ने बताया कि इस प्रतिभा सम्मान समारोह में नागौरी तेलियान समाज बीकानेर के इस साल दसवीं और बारहवीं कक्षा की परीक्षा में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं एवं नागौरी तेली समाज की अन्य विशेष उपलब्धि प्राप्त करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। समिति के सिकन्दर राठौड़ ने बताया कि प्रतिभा सम्मान समारोह के पोस्टर का विमोचन चुंगी चौकी स्थित नागौरी तेली समाज भवन में किया गया। विमोचन समारोह की अध्यक्षता नगर निगम के सहायक अभियंता नजीर गौरी ने की पोस्टर विमोचन समारोह में समाज के व समिति के अमीर वली मौ. गौरी रिजवी, हसन अली गोरी, एडवोकेट सैय्यद इशाक अली, खेरदिन राठौड़ आदि मौजूद थे।

### फाइनेंसर पर ठगी का आरोप

**श्रीगंगानगर, (कासं)।** एक युवक को धमकाकर धोखाधड़ी और ब्याज के नाम पर अवैध वसूली के आरोप में दो लोगों के खिलाफ सदर थाना में केस दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार इनमें से एक व्यक्ति फाइनेंसर व दूसरा कथित तांत्रिक हैं। परिवादी विकास शर्मा निवासी शिवम एन्कलेव की शिकायत पर पुलिस ने फाइनेंसर रजनीश चौधरी निवासी पूजा कॉलोनी व कथित तांत्रिक कुलदीप बाबा निवासी ठाकरांवाली के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया है। परिवादी विकास शर्मा ने बताया कि उसकी रजनीश से पहचान टाटा मोटर्स में नौकरी के दौरान हुई थी। विकास ने आरोप लगाया कि उससे लाखों रुपए ब्याज सहित वसूल किए। इसके बाद भी और रुपयों की मांग की और ऐसा नहीं करने पर समाज में बेइज्जत करने की धमकी दी। परिवादी ने बताया कि रजनीश के एक जानकार व्यक्ति ने उसे एक तांत्रिक कुलदीप से मिलवाया। और झांसा दिया गया कि पूजा करवाने से सभी दिक्कतें दूर हो जाएंगी। इसके बाद कथित तांत्रिक कुलदीप कुमार ने उसकी आर्थिक मजबूरी का फायदा उठाया। कुलदीप ने टोने-टोटके के नाम पर मोटी रकम ऐंठी। आरोपियों ने उसकी जमीन का सौदा कम दामों पर करने के लिए भी दबाव बनाया। विरोध करने पर उसे व उसके परिवार को बदनाम करने की धमकी दी जाती है।

### संयोजक और सहसंयोजकों की घोषणा

**बीकानेर** ।भाजपा शहर बीकानेर ने प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौर के निर्देशानुसार आगामी कार्यक्रम आत्मनिर्भर भारत संलकप अभियान के तहत शहर अध्यक्ष सुमन छाजेड़ ने जिला महामंत्री कौशल शर्मा को संयोजक ओर जिला मंत्री धर्मेंद्र सिंह सोलंकी, प्रोमिला गौतम, प्रवक्ता दुष्यंत सिंह तंवर को सह संयोजक बनाया । मीडिया संयोजक कमल गहलोत ने बताया कि जिलाध्यक्ष सुमन छाजेड़ ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान देश की अर्थव्यवस्था, बुनियादी ढाँचा, प्रौद्योगिकी, जनसांख्यिकी और माँग-आपूर्ति ये पाँच स्तंभ उद्योगों को मज़बूत करने, डिजिटल और भौतिक बुनियादी ढाँचे में सुधार, कुशल कार्यबल विकसित करने और अन्य देशों पर निर्भरता कम करने के लिए स्थानीय उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने पर केंद्रित हैं ।

# अनियमितता पर दो फर्मों से उर्वरक जब्त, विक्रय पर लगाई रोक

- कृषि विभाग के अधिकारियों की टीम ने पदमपुर मंडी में दो खाद विक्रेता फर्मों पर की कार्रवाई

**श्रीगंगानगर, (कासं)।** पदमपुर मंडी में एक सप्ताह पहले नकली डीएपी किसानों को बेचने का मामला पकड़ में आने के बाद अब कृषि विभाग की ओर से उर्वरक विक्रेताओं के यहां छापेमारी कर गहन जांच के साथ ही अनियमितता पाये जाने पर कार्रवाई की जा रही है।

कृषि विभाग अधिकारियों की टीम ने पदमपुर मंडी में दो फर्मों पर छापेमारी कर अनियमितता पाए जाने पर उर्वरक जब्त कर आगामी आदेश तक विक्रय पर रोक लगाई है। साथ ही दोनों फर्म संचालकों को नोटिस देकर जवाब तलब किया गया है। सहायक निदेशक कृषि सुशील कुमार शर्मा के निर्देशन में मैसर्स गणपति ट्रेडर्स पुरानी धान मंडी पदमपुर तथा मैसर्स गर्ग एग्रो केमिकल्स पुरानी धान मंडी पदमपुर स्थित उर्वरक विक्रय करने वाली फर्मों पर छापा मारा गया। मैसर्स गणपति ट्रेडर्स उर्वरक विक्रेता प्रतिष्ठान पर उर्वरक नियंत्रण आदेश के विभिन्न प्रावधानों का उल्लंघन तथा अनियमितताएं पाये जाने पर कार्यवाही करते हुए कृषि अधिकारी तनप्रीत सिंह ने मौके पर फर्म को कारण बताओ नोटिस जारी किया तथा भंडारित उर्वरक को जब्त कर उसके विक्रय पर आगामी आदेशों तक रोक लगाई गई। संदेह के आधार पर भंडारित उर्वरकों में से रेंडम आधार पर दो नमूने डीएपी तथा एक नमूना यूरिया के जांच के लिए भरे गए।

इसी प्रकार मैसर्स गर्ग एग्रो केमिकल्स पर भंडारित उर्वरक निर्माता कंपनियों के प्रिंसिपल सर्टिफिकेट लाइसेंस में प्रविष्टि नहीं होने तथा गोदाम लाइसेंस में दर्ज नहीं होने के कारण भंडारित उर्वरक जब्त कर आगामी आदेशों तक विक्रय पर रोक लगाई गई तथा संबंधित फर्म को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

भंडारित उर्वरकों में से संदेह के आधार पर एक नमूना सिंगल सुपर फास्फेट तथा एक नमूना ट्रिपल सुपर फास्फेट का जांच के लिए लिया गया।

डॉ. सतीश शर्मा, संयुक्त निदेशक कृषि श्रीगंगानगर का कहना है कि उर्वरक विक्रेताओं के यहां नियमित रूप से जांच की जायेगी। जहां भी अनियमितताएं पाई जायेगी। उनके खिलाफ नियमानुसार विभागीय कार्रवाई की जायेगी।

# जमीन विवाद में महिला समेत 4 घायल

- 10-12 लोगों ने धारदार हथियारों से हमला किया
- पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया
- विवाद की जड़ 23.50 बीघा जमीन है

**अनूपगढ़, (कासं)।** अनूपगढ़ के गांव 5 पी में सुबह करीब 9:30 बजे जमीन विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। खेत में काम कर रहे काश्तकारों पर 10-12 लोगों ने लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया।

हमले में एक महिला सहित चार लोग घायल हो गए। आसपास के किसानों ने घायलों को अनूपगढ़ के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने मामले में दो लोगों को हिरासत में लिया है। विवाद की जड़ 23.50 बीघा जमीन है। घायल राजेश कुमार सोनी के पिता राजेंद्र कुमार सोनी ने वर्ष 1984 में यह जमीन बीकानेर निवासी वेद प्रकाश से खरीदी थी। किश्त पूरी नहीं भर पाने के कारण जमीन को राज रकबा घोषित कर दिया गया। लेकिन राजेन्द्र सोनी इस पर काश्तकारी करते रहे। बाद में मामला न्यायालय में पहुंचा और आरएए कोर्ट श्रीगंगानगर ने राजेश सोनी के पक्ष में स्टे आदेश जारी किया। इसी बीच वर्ष 2023 में वेदप्रकाश ने यह जमीन एक अन्य पक्ष को बेच दी। इसके बाद से दोनों पक्षों के बीच कब्जे को लेकर विवाद चल रहा था। विवाद बढ़ने पर हमला हो गया। सूचना मिलते ही एसएचओ ईश्वर जांगिड़ पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की।

## लूणकरनसर तहसीलदार ने निरीक्षण किया

**बीकानेर, (कासं)।** लूणकरनसर तहसीलदार विनोद पूनिया ने शनिवार को विभिन्न क्षेत्रों में डिजिटल क्रॉप सर्वे का निरीक्षण किया। पूनिया ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश में डिजिटल क्रॉप सर्वे (डीसीएस) का कार्य चल रहा है। यह शत-प्रतिशत ऑनलाइन है और मौके पर जाकर संपादित किया जाता है। जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार तहसीलदार ने पटवार हल्का महाजन, चकजोड़, सुरनाणा पहुंचकर डीसीएस का निरीक्षण किया। उन्होंने हल्का पटवारियों को गिरदावरी का यह कार्य जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

## जल मन्दिर का लोकार्पण आज

**बीकानेर, (कासं)।** प्रेमरतन राठी परिवार, गंगाशहर-कोलकाता द्वारा गंगाशहर में नोखा रोड़, पुराने बस स्टैण्ड पर फकीरचन्द सूरजमल राठी जल मन्दिर का नवीनीकरण करवा कर रविवार को प्रातः 11.00 बजे लोकार्पण किया जायेगा।

विश्वेसर भट्टड़ ने बताया कि इस प्याऊ का निर्माण सन् 1958 में सूरजमल राठी ने अपने पिताश्री फकीरचन्द राठी की पावन स्मृति में करवाया था। समय के साथ इसमें नवीनीकरण की आवश्यकता थी। सूरजमल के पुत्र प्रेमरतन राठी परिवार ने वर्तमान में इसका नवीनीकरण करवा कर इस प्याऊ में शीतल व शुद्ध जल की व्यवस्था हेतु वाटर कूलर, वाटर प्यूरीफायर, ऑटोमैटिक सेंसर सहित वाटर टैंक आदि की सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है।

नृसिंहदास भट्टड़ ने बताया कि इस प्याऊ के नवीनीकरण में गंगाशहर नागरिक परिषद् के जतनलाल दूगड़, सम्पतलाल दूगड़, बच्छराज रांका, महेन्द्र चौपड़ा आदि के साथ ही सुरेश माली, ओमजी जाजड़ा आदि का मार्ग दर्शन एवं सहयोग मिला है।

# एमजीएसयू में आरोग्य मंदिर का शुभारंभ

- विश्वविद्यालय कर्मियों और आस-पास के आमजन को चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी

**बीकानेर, (कासं)।** महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय परिसर में शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर का शुभारंभ किया गया। इस मंदिर की स्थापना का उद्देश्य विद्यार्थियों, विश्वविद्यालय कर्मियों और आस-पास के आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलगुरू आचार्य मनोज दीक्षित ने किया। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुखराज साध, विश्वविद्यालय कुलसचिव अरविन्द बिश्नोई और अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. मेघना शर्मा उपस्थित थे। सीएमएचओ डॉ. साध ने बताया कि इस केन्द्र पर निशुल्क दवाईयां, प्राथमिक जांच, चिकित्सकीय परामर्श, मौसमी बीमारी निगरानी एवं नर्सिंग स्टाफ की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इस दौरान डॉ. मेघना शर्मा, अरविन्द बिश्नोई, कुलदीप जैन मौजूद थे। बीकानेर में अब 26 केन्द्र इस उद्घाटन के साथ ही बीकानेर जिले में शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की संख्या 26 हो गई है। इन केन्द्रों से स्थानीय जनता को भी प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ और निशुल्क मिल रही हैं।

## सहजन पौध वितरण

**बरसिंहसर।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बरसिंहसर के शाला प्रांगण में आज अनंत चतुर्दशी के अवसर पर सहजन पौध वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रतनलाल छलाणी ने विद्यार्थियों को पौधारोपण व वृक्षों का महत्व बताते हुए कहा कि प्रभारी व्याख्याता गोवर्धन लाल गोदारा के नेतृत्व में विद्यार्थियों का सहयोग लेते हुए विद्यालय की नर्सरी में ही पौधों को तैयार किया गया है। इन पौधों को विद्यार्थियों को अपने घरों व खेतों में खाली स्थान पर लगाना है तथा इनका पालन पोषण कर वृक्ष के रूप में खड़ा करना है। प्रभारी गोवर्धन लाल गोदारा ने विद्यार्थियों को पौधारोपण की प्रक्रिया विस्तार से समझाई तथा सहजन की फलियों, पत्तों व बीजों का औषधीय गुण व उपयोग बताये।

# पेट्रोल बोतल हमलावरों का नहीं लगा सुराग

- यह शहर की सबसे व्यस्ततम सड़कों में से एक है। खास बात यह है कि इस मामले में किसी भी व्यक्ति की ओर से परिवाद तक नहीं दिया गया है

**श्रीगंगानगर, (कासं)।** राधेश्याम की कोठी वाली रोड पर बुधवार रात को व्यापारी पर हुए पेट्रोल हमले में शामिल आरोपियों का पुलिस कोई सुराग नहीं लगा पाई।

यह शहर की सबसे व्यस्ततम सड़कों में से एक है। खास बात यह है कि इस मामले में किसी भी व्यक्ति की ओर से परिवाद तक नहीं दिया गया है। जिस दुकान के सामने पेट्रोल हमला किया गया, उसके मालिक ने पुलिस के पास कोई शिकायत नहीं दी है।

गौरतलब है कि बुधवार रात करीब 10 बजे आदर्श पार्क के कॉर्नर पर स्थित एक गारमेंट्स की दुकान को टारगेट कर पेट्रोल से भरी बोतल में आग लगाकर फेंका गया था। बोतल दुकानदार तक नहीं पहुंची लेकिन बाहर गोलगप्पे की रेहड़ी लगाने वाला राजकुमार इसकी चपेट में आकर झुलस गया था। राजकुमार का इलाज सरकारी हॉस्पिटल में करवाया गया। इस बीच घटना के सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर दिनभर शेयर होते रहे। घटना के बाद पुलिस की ओर से नाकाबंदी करवाई गई थी।

पुलिस की टीमें घटनास्थल के अलावा आरोपियों के फरार होने के रास्तों की सीसीटीवी फुटेज भी खंगालती रही। इसके बाद भी पुलिस आरोपियों की पहचान तक नहीं कर पाई है। कोतवाली थाना प्रभारी पृथ्वीपाल सिंह ने बताया कि संबंधित व्यापारी की ओर से कोई परिवाद नहीं दिया गया है। घटना में झुलसे गोलगप्पे की रेहड़ी लगाने वाले की ओर से भी अभी कोई शिकायत नहीं मिली है। पुलिस अपने स्तर पर आरोपियों की तलाश कर रही है। आरोपियों के मुंह ढके होने के कारण पहचान नहीं हो पाई है। ऐसे में उनके भागने के रास्ते व अन्य तकनीकी माध्यमों से ट्रेस करने की कोशिश जारी है।

## पीबीएम की नर्सिंग अधिकारी ने कैंसर की रोकथाम के उपायों की जानकारी दी

- जयबाला ने कैंसर की रोकथाम के लिए स्वस्थ आहार, नियमित व्यायाम, तंबाकू एवं शराब से बचाव तथा नियमित स्वास्थ्य जांच जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी

**बीकानेर, (कासं)।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित दस दिवसीय जागरूकता अभियान के तहत शनिवार को महिला अधिकारिता विभाग के निर्देशन में सखी वन स्टॉप सेंटर पर कैंसर और एनीमिया की रोकथाम तथा स्वास्थ्य एवं पोषण पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ।

उपनिदेशक डॉ. अनुराधा सक्सेना ने बताया कि पीबीएम कैंसर विभाग से नर्सिंग ऑफिसर जयबाला ने कैंसर की रोकथाम के लिए स्वस्थ आहार, नियमित व्यायाम, तंबाकू एवं शराब से बचाव तथा नियमित स्वास्थ्य जांच जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। इसी क्रम में एनीमिया रोकथाम के लिए आयरन युक्त आहार एवं विटामिन सी के सेवन पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में यह संदेश दिया गया कि स्वच्छता, स्वस्थ जीवनशैली, जागरूकता और शिक्षा ऐसे पहलू हैं जिनके माध्यम से हर बीमारी से बचा जा सकता है। इन उपायों को अपनाकर हम न केवल कैंसर और एनीमिया जैसी बीमारियों से बच सकते हैं, बल्कि स्वस्थ और समृद्ध जीवन जीने की दिशा में कदम भी बढ़ा सकते हैं। इस दौरान आमजन ने संकल्प लिया कि सभी मिलकर स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ायेंगे और स्वस्थ समाज का निर्माण करेंगे। महिला अधिकारिता विभाग का उद्देश्य न केवल महिलाओं को सशक्त बनाना है, बल्कि एक स्वस्थ समाज का निर्माण करना भी है। इस कार्यक्रम में पीएसएस के की कविता हुरकट, भाग्यश्री, सरिता राठौड़ एवं संतोष बारिया उपस्थित थे।

# सहायता एवं राहत सामग्री पंजाब भेजी

- 40 ट्रोली चारा, सेना के समन्वय से 4 नावें तथा सादुलशहर विधानसभा क्षेत्र से 15 लाख रूपये एवं आर्मी कैंप से 11 लाख रूपये की सहायता राशि भिजवाई गई है

**जयपुर, (कासं)।** मुख्यमंत्री की प्रेरणा से श्रीगंगानगर जिला मुख्यालय से दानदाताओं एवं अन्य ट्रस्टों के माध्यम से 4 हजार राशन किट, 2 हजार 500 तिरपाल, 2 हजार पानी की बोतलें, 1 हजार मेडिकल किट, पशुओं के लिए 1 हजार चारा बैग, 40 ट्रोली चारा, सेना के समन्वय से 4 नावें तथा सादुलशहर विधानसभा क्षेत्र से 15 लाख रूपये एवं आर्मी कैंप से 11 लाख रूपये की सहायता राशि भिजवाई गई है। गत दिनों राज्य में अतिवृष्टि से उत्पन्न स्थिति की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सीमावर्ती क्षेत्र के जिला कलेक्टर्स को सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों तथा लोगों की मदद से पड़ोसी राज्य पंजाब में भारी बारिश से आयी आपदा में मदद भिजवाने के निर्देश दिए थे।इसके अतिरिक्त गंगानगर ट्रेडर्स एसोसिएशन की ओर गुरूवार को राहत सामग्री भिजवाई गई जिसमें 200 राशन किट, 1700 तिरपाल एवं 1 हजार पानी की बोतल सहित अन्य सामग्री भिजवाई गई।

मुख्यमंत्री के आव्हान पर गंगानगर जिले के पदमपुर उपखण्ड क्षेत्र से 2 लाख 26 हजार 800 रूपये की खाद्य सामग्री, 1 लाख 5 हजार रूपये की पानी की बोतलें, 186 बैग खलचूरी, 1 लाख 50 हजार रूपये का चारा तथा 1 लाख 46 हजार रूपये की नगद सहायता भेजी गई। उपखण्ड क्षेत्र श्रीविजयनगर से विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा 150 क्विंटल गेंहू, पानी की 2 400 बोतल, बिस्किट के 1000 पैकेट तथा 20 हजार रूपये भेजे।

की मेडिकल किट एवं दवाइयां भेजी गई। वहीं उपखण्ड क्षेत्र श्री करणपुर से 350 क्विंटल गेंहू, 50 क्विंटल चावल, 8 क्विंटल दाले, 45 किलोग्राम मसालें, 12 क्विंटल चीनी, 75 किलोग्राम चायपत्ती, 35 क्विंटल सरसों तेल, 4 हजार पैकेट बिस्किट, 5 हजार पानी की बोतल, पशुओं के लिए 7 हजार क्विंटल चारा भेजा गया। इसके साथ ही उपखण्ड क्षेत्र घड़साना से 60 क्विंटल राशन, 30 क्विंटल गेंहू का आटा, 500 मेडिकल किट, 400 नाश्ता पैकेट, 300 पेटी पानी की बोतल पंजाब भेजी गई हैं। रायसिंह नगर उपखण्ड क्षेत्र से 1200 फूड पैकेट, 40 क्विंटल खाद्य सामग्री, 1000 मेडिकल किट भिजवाई गई है।

